JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/09/410–प्रेस विज्ञप्ति   दिनांक: 24.09.2024

मेट्रो कर्मचारियों के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अन्तर्गत Eternal Hospital द्वारा नि:शुल्क स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन।

जयपुर 24 सितम्बर। जयपुर मेट्रो में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अन्तर्गत स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर में **"जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड" एवं Eternal Hospital** के संयुक्त तत्वावधान् में मानसरोवर मेट्रो डिपो ऑडिटोरियम में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा परामर्श एवं सामान्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सा दल ने मेट्रो कर्मचारियों, मेट्रो स्टॉफ एवं स्वच्छता मित्रों की ह्रदय रोग संबंधी बीमारियो जैसे रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), शुगर (डायबिटीज), थाईराइड, कोलेस्ट्राल आदि की जाँच की और परामर्श भी दिया।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अवसर पर संदेश दिया कि मौसम के बदलाव में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहे तथा दैनिक दिनचर्या में खान–पान के साथ–साथ नियमित व्यायाम करने की भी सलाह दी। मेट्रो कर्मचारियों एवं मेट्रो स्टॉफ के भरपूर उत्साह एवं सहयोग से इस शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो